Seat No. : ______________

# MA-105(H)

**March-2025**

**M.Com., Sem.-III**

**501 : Taxation-I**

**(Personal Tax Planning)**

**(New)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. मि. मोहन चंदन बांग्लादेश के नागरिक हैं, जिनका जन्म ढाका में 1972 में हुआ है । वह गत वर्ष 2023-2024 सहित पिछले 10 वर्षों से लगातार हर वर्ष भारत की यात्रा कर रहे हैं । ऐसा मानिए कि पिछले 10 वर्षों के दौरान उन्होंने भारत की यात्रा निम्न महिनों में की है : **14**

   (a) सितम्बर, अक्टूबर एवं नवम्बर

   (b) अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर

   (c) सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर

   कर-निर्धारण वर्ष 2024-2025 के लिए उपरोक्त तीनों विकल्पों में उनके रहवासी दर्जे का निर्णय लीजिए ।

   कर योजना की दृष्टि से उपरोक्त में से सबसे अच्छा विकल्प कौन सा है ?

**अथवा**

1. (A) कर-परिवर्जन और कर-अपवंचन के मध्य अंतर बताइए । **7**

1. (B) वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए लागू आयकर गणना की नई नीति व्यवस्था और पुरानी नीति व्यवस्था के मध्य अंतर का सोदाहरण विस्तार से वर्णन कीजिए । **7**

2. मि. राजू वडगामा की निम्न सूचनाओं से उनकी वेतन से कर योग्य आय और 80C के अंतर्गत उपलब्ध-छूट की गणना कीजिए तथा निर्धारण वर्ष 2024-2025 के लिए उन्हें पुरानी आयकर व्यवस्था या नई आयकर व्यवस्था अपनाने के लिए सुझाव दीजिए : **14**

   (1) ₹ 20,000 आयकर कटौती और मान्य भविष्य निधि में मूल वेतन का 15% कर्मचारी के योगदान के बाद ₹ 4,90,000 मूल वेतन है ।

   (2) महँगाई भत्ता : मूल वेतन का 60% (जिसका 50% सेवानिवृत्ति लाभ के लिए है)

(3) बोनस : दो माह का वेतन

(4) कमीशन : ₹ 500 प्रति माह

(5) बालक शिक्षा भत्ता : ₹ 200 प्रति माह, प्रति बालक (तीन बालकों के लिए)

(6) नियोक्ता ने उनको बैंगलोर में आवासीय घर दिया है जिसका उचित किराया मूल्य ₹ 5,000 प्रति माह है । नियोक्ता ने ₹ 1,00,000 मूल्य का फर्नीचर भी प्रदान किया है ।

(7) नियोक्ता ने उनको अपने व्यक्तिगत एवं कार्यालय उपयोग के लिए एक ₹ 5,00,000 मूल्य की 1600 CC से अधिक क्षमता वाली मोटर-कार प्रदान की है ।

(8) उन्होंने व्यावसायिक कर ₹ 2,400 और ₹ 30,000 का जीवन बीमा प्रीमियम भी दिया है ।

(9) नियोक्ता का मान्य भविष्य निधि में योगदान मि. वडगामा के योगदान के बराबर है ।

**अथवा**

2. (A) मि. आबिद पीरजादा ने वर्ष 2019 में एक आवासीय भवन बनाया । भवन का 50% किराए पर दिया है और 50% स्वयं के रहने के लिए उपयोग में है । स्वयं के रहने के भाग को भी चार माह के लिए किराए पर दे दिया । भवन का विवरण निम्न हैं : **10**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | म्युनिसिपल मूल्यांकन | 5,80,000 |
| (2) | म्युनिसिपल कर | 20,000 |
| (3) | देय जमीन किराया | 2,400 |
| (4) | मरम्मत-प्लम्बिंग कार्य | 2,000 |
| (5) | अग्नि बीमा प्रीमियम | 4,400 |
| (6) | सोसाइटी वार्षिक रखरखाव | 12,000 |
| (7) | किराए पर दिए 50% भाग का किराया | 32,000 p.m. |
| (8) | चार माह के लिए किराए पर दिए गए आवासीय भाग का किराया | 20,000 p.m. |
| (9) | निर्माण के लिए लिये गये ऋण पर ब्याज | 1,20,000 |

कर-निर्धारण वर्ष 2024-2025 के लिए मि. आबिद पीरजादा की आवासीय संपत्ति से कर-योग्य आय की गणना कीजिए ।

2. (B) वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए लागू ग्रैच्युटी और पेन्शन के प्रावधानों को बताइए । **4**

3. श्री आकाश वरुल ने पिछले वर्ष 2024-2025 के लिए उनकी पूँजी परिसम्पत्तियों का निम्न विवरण दिया है : **14**

| **विवरण** | **आवासीय भवन** | **शहरी जमीन** | **आभूषण** |
|---|---|---|---|
| हस्तांतरण की तारीख (विक्रय) (अनुमानित) | 01/01/2025 | 10/10/2024 | 15/07/2024 |
| विक्रय मूल्य (₹) | 40,00,000 | 61,20,000 | 13,60,000 |
| हस्तांतरण व्यय (₹) | 1,89,900 | 39,100 | – |
| खरीद की तारीख | 01/06/2001 | 20/09/2019 | 01/01/2017 |
| खरीद मूल्य (₹) | 6,00,000 | 5,52,000 | 3,00,000 |
| खरीद व्यय (₹) | 1,00,000 | 30,000 | – |
| 31/07/2008 को किया गया मरम्मत खर्च | 41,000 | – | – |
| नए मकान की खरीद (₹) | 50,00,000 | – | – |
| नए मकान की खरीद की तारीख (अनुमानित) | 20/02/2025 | – | – |

संबंधित लागत मुद्रास्फीति सूचकांक निम्नानुसार है : 2001-02 = 100, 2008-09 = 137, 2016-17 = 264, 2017-18 = 272, 2019-20 = 289, 2022-23 = 331, 2023-24 = 348 और 2024-25 = 363

कर–निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए कर–योग्य पूँजी लाभ की गणना कीजिए और कर योजना दृष्टिकोण से आयकर अधिनियम के अंतर्गत अधिकतम छूट पाने के लिए उनको सुझाव दीजिए ।

**अथवा**

3. डॉ. हार्द शाह अहमदाबाद में एक सर्जिकल अस्पताल के मालिक हैं । वह आपको वित्त वर्ष 2023-2024 से संबंधित निम्न जानकारी प्रदान करते हैं : **14**

| **(1) अस्पताल में आवक :** | **₹** |
|---|---|
| (1) परामर्श शुल्क | 14,00,000 |
| (2) ऑपरेशन शुल्क | 47,00,000 |
| (3) अस्पताल आय (सकल) | 5,50,000 |
| (4) दवाओं की आपूर्ति की शुद्ध आवक | 80,000 |
| (5) मरीजों से उपहार (नकद में) | 1,20,000 |
| **(2) वर्ष दौरान भुगतान :** | |
| (1) आयकर भुगतान (वर्ष 2023-2024 के लिए अग्रिम कर एवं TDS) | 12,20,000 |
| (2) अस्पताल व्यय | 25,00,000 |
| (3) व्यक्तिगत व्यय | 1,50,000 |
| (4) कार रख–रखाव एवं ह्रास (1/4 अनुमत है) | 6,00,000 |
| (5) सर्जिकल मशीन की खरीद (बैंक ऋण द्वारा) | 6,00,000 |
| (6) पब्लिक प्रोविडेन्ट फंड में भुगतान | 1,50,000 |
| (7) यात्रा व्यय | 1,50,000 |
| (8) सर्जिकल मशीन के लिए बैंक ऋण की EMI (₹ 2,00,000 + ब्याज) | 2,28,000 |
| (9) जीवन बीमा (L.I.C.) प्रीमियम | 60,000 |

(3) जीवन बीमा प्रीमियम भुगतान, स्वयं के लिए ₹ 30,000, पुत्र के लिए ₹ 10,000 तथा पत्नी के लिए ₹ 20,000

(4) यात्रा व्यय में पारिवारिक धार्मिक यात्रा के ₹ 30,000 और विदेश में विशेष व्यापारिक संवर्धन यात्रा खर्च ₹ 1,20,000 शामिल है ।

(5) उनका पुत्र एवं पत्नी दोनों M.B.B.S. हैं और नियमित रूप से अस्पताल आते हैं और जिसके लिए उन्हें प्रत्येक को ₹ 30,000 प्रति माह दिया जाता है, जो अस्पताल व्यय में शामिल है ।

(6) अस्पताल भवन और यंत्रों पर अनुमत ह्रास प्रभार ₹ 90,000 है ।

उनकी कर योग्य व्यावसायिक आय और 80C के अंतर्गत छूट की गणना कीजिए । पूर्व वर्ष 2023-2024 के लिए पुरानी और नई व्यवस्था के अंतर्गत कर दायित्व की गणना भी कीजिए ।

4. (A) मि. रजनीकांत अमीन के पास 1 अप्रैल, 2023 को निम्न प्रतिभूतियाँ हैं : **10**

(1) 1,00,000/- में. फ्लोट इंजीनियरिंग लि. के 10% गैर–सूचीबद्ध डिबेन्चर (ब्याज की तारीख प्रति वर्ष 1 जून एवं 1 दिसम्बर)

(2) 2,00,000 – पटेल एयर–टेम्प लि. के 8% डिबेन्चर (ब्याज की तारीख 15 जून एवं 15 दिसम्बर)

(3) 10,00,000/- 6% गुजरात सरकार ऋण (ब्याज की तारीख 1 जनवरी)

(4) 3,00,000/- 6.5% केन्द्र सरकार ऋण (ब्याज की तारीख 1 जुलाई)

(5) 20,000/- 9% कर–मुक्त राष्ट्रीय राहत बॉण्ड (ब्याज की तारीख 1 जून)

(6) 1,00,000/- 5.75% RECL बॉण्ड

(7) 1 जुलाई, 2023 को इन प्रतिभूतियों के अतिरिक्त उन्होंने 8% प्रति वर्ष की दर से ₹ 2,00,000 का ऋण लिया है जिसे उन्होंने गैर–सूचीबद्ध राजस्थान सरकार के लोन, पंजाब सरकार की प्रतिभूतियों और आशुतोष मर्केन्टाइल लि. के गैर–सूचीबद्ध डिबेंचरों में निवेश किया है और क्रमशः ₹ 3,000, ₹ 7,000 और ₹ 9,000 ब्याज के रूप में 31 मार्च, 2024 को प्राप्त किया है ।

- 16 जून, 2023 को उन्होंने पटेल एयर–टेम्प लि. के 2,00,000/- 8% डिबेन्चर बेचे तथा 1 नवम्बर, 2023 को मे. फ्लोट इन्जीनियरिंग लि. के 50,000/- 10% गैर–सूचीबद्ध डिबेन्चर बेचे ।
- उन्होंने प्रतिभूतियों पर ब्याज की शुद्ध राशि को संगृहीत करने के लिए बैंक को 1.5% कमीशन का भुगतान किया ।

कर–निर्धारण वर्ष 2024-2025 के लिए मि. रजनीकांत अमीन के अन्य स्रोतों से कर–योग्य आय ज्ञात कीजिए ।

4. (B) कर का अग्रिम भुगतान पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **4**

**अथवा**

4. (A) मि. कृष्णवदन खुमान के केस में कर–निर्धारण वर्ष 2024-2025 के लिए निम्न विवरणों से धारा 234A, 234B एवं 234C के अंतर्गत आपको ब्याज की गणना करनी है : **10**

कुल आय पर कर ₹ 2,00,000

रिटर्न फाइल करने की नियत तारीख 30-9-2024;

रिटर्न फाइल करने की वास्तविक तारीख 1-10-2024 और

25-9-2024 को कर भुगतान ₹ 2,00,000

4. (B) ब्याज माफ करने की मुख्य कमिश्नर की शक्ति – पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **4**

5. निम्न बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (कोई **सात**) **14**

(1) आयकर ________ के द्वारा लगाया जाता है ।

(a) स्थानीय प्राधिकरण (b) राज्य सरकार

(c) केन्द्र सरकार (d) इन सभी

(2) विदेश से प्रबंधित भारत में व्यापार से अर्जित एवं प्राप्त आय ___________ के लिए कर–योग्य आय है ।

(a) केवल साधारण निवासी

(b) केवल निवासी परन्तु साधारण निवासी नहीं

(c) केवल गैर–निवासी

(d) इन सभी

(3) "करदाता अपने आयकर दायित्व की योजना इस प्रकार बनाता है कि वह आयकर कानून के सभी प्रावधानों का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सके ।" इसे कहते हैं _________

(a) कर योजना (b) कर अपवंचन

(c) कर परिवर्जन (d) कर प्रबंधन

(4) निदेशक द्वारा प्राप्त कमीशन जो कि उसी कंपनी का कर्मचारी भी है, का निर्धारण ______ प्रकार से किया जाता है ।

(a) अन्य स्रोतों से आय

(b) वेतन आय

(c) व्यवसाय एवं व्यापार से लाभ एवं प्राप्तियाँ

(d) पूँजी लाभ

(5) मि. सत्यम गज्जर ने 10 फरवरी, 2014 को आवासीय ऋण लिया । वर्ष 2021 में उसने मरम्मत के लिए अतिरिक्त ऋण लिया । आवासीय सम्पत्ति से आय के शीर्षक के अंतर्गत ब्याज कटौती की अधिकतम अनुमत राशि क्या होगी ?

(a) ₹ 2,00,000 और ₹ 30,000 (b) ₹ 30,000 और ₹ 30,000

(c) ₹ 1,50,000 और ₹ 30,000 (d) ₹ 1,50,000 और ₹ 2,00,000

(6) आवासीय सम्पत्ति से आय शीर्षक के अंतर्गत अप्राप्त किराया किससे काटा जाता है ?

(a) वार्षिक किराया (b) उचित किराया

(c) शुद्ध वार्षिक मूल्य (d) सकल वार्षिक मूल्य

(7) वित्तीय वर्ष 2023-2024 के दौरान, पूँजी सम्पत्ति के रूप में सोने को ________ से अधिक रखने पर इसे दीर्घकालीन पूँजी सम्पत्ति के रूप में माना जाता है ।

(a) 36 माह (b) 12 माह

(c) 24 माह (d) 60 माह

(8) पूँजी लाभ शीर्षक के अंतर्गत, धारा 54B के अंतर्गत छूट पाने के लिए नई खेतिहर जमीन को _________ खरीदा जाना चाहिए ।

(a) हस्तांतरण की तारीख से 1 वर्ष के अंदर

(b) हस्तांतरण की तारीख से 2 वर्ष के अंदर

(c) हस्तांतरण की तारीख से 3 वर्ष के अंदर

(d) हस्तांतरण की तारीख से 4 वर्ष के अंदर

(9) निम्न कर सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज ________ है ।

(a) पूर्णतया करमुक्त

(b) अंशतः कर–योग्य अंशतः करमुक्त

(c) पूर्णतय कर–योग्य

(d) इनमें से कोई नहीं

(10) निम्न में से कौन सा/से कर व्यापार एवं व्यवसाय से लाभ और प्राप्त राशि की गणना के दौरान वास्तविक भुगतान के आधार पर अनुमत हैं ?

(a) माल एवं सेवा कर

(b) सीमा शुल्क

(c) आबकारी शुल्क

(d) यह सभी

(11) मि. हितेन्द्र शाह का वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल अनुमानित कर दायित्व ₹ 2,40,000 है । दूसरी किश्त में उनका अग्रिम कर दायित्व क्या होगा ?

(a) ₹ 1,08,000

(b) ₹ 1,80,000

(c) ₹ 2,40,000

(d) ₹ 36,000

(12) धारा 234B के अंतर्गत ब्याज _________ के केस में लागू होता है ।

(a) आयकर रिटर्न जमा करने में चूक

(b) अग्रिम कर भुगतान में चूक

(c) अग्रिम कर की किश्त के भुगतान में विलम्ब

(d) स्रोत पर कर कटौती (TDS) का संग्रह या कटौती में चूक